# कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष–कार्यालय 07853–220395 ईमेलzpbijapur.cg@gov.in

## // विज्ञापन //

क्रमांक / 4078 / जि.पं. / स्था. / 2025–26 बीजापुर, दिनांक 23 / 03 / 2026

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक / 306 / 3433 / 2024 / 22–1, नवा रायपुर अटल नगर दिनाँक 17.01.2025 में दिए गए स्वीकृति के आधार पर मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्र क्रमांक ESTB/1107/2025-Section CGSRLM, नवा रायपुर, दिनाँक 23 / 02 / 2026 के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर संविदा के रिक्त पद की पूर्ति हेतु निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से दिनाँक 23/04/2026 सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | श्रेणी | | | कुल पद | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु. जनजाति | अनुसूचित जाति | अ.पि. वर्ग | अनारक्षित | पुरुष | महिला | मुक्त | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | |
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | |
| कुल योग :– | | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | |

**आवेदन करने के पूर्व निम्न बातों का विशेष ध्यान देंगे :–**

1. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट किया जावें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
2. प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक यग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण–पत्र या अन्य प्रमाण–पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किया जावेगा। मूल आवेदन में संलग्न किए गए प्रमाण–पत्र के आधार पर ही अंक प्रदान किये जायेंगे।
3. दावा आपत्ति में केवल लिपीकीय त्रुटी का ही सुधार किया जावेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नही किए जायेंगे।
4. अनुभव के अंक हेतु समकक्ष अनुभव ही मान्य किये जायेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

## पदों की न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता,अनुभव व मेरिट अंक का विवरण :–

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त मासिक वेतन (रु. में) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | मेरिट हेतु अंक निर्धारण (कुल अंक 100) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | टंक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक | 39875/- | **शिक्षा** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातकोत्तर उपाधि/द्विवर्षीय डिप्लोमा ।<br>**अनुभव** – स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत विकासखण्ड/क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/समन्वयक पद का न्यूनतम 02 वर्ष का केन्द्र/राज्य शासन/लोकल बॉडी/गवर्न्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास/गरीबी उन्मूलन/आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव। | स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 35 |
| | | | | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 20 |
| | | | | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 15 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | साक्षात्कार | 15 |
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक | 26490/- | **शिक्षा**– 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।<br><br>**अनुभव** – स्नातक उपाधि उपरांत विकासखण्ड/क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/समन्वयक पद का न्यूनतम 01 वर्ष का केन्द्र/राज्य शासन/लोकल बॉडी/गवर्न्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास/गरीबी उन्मूलन/आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव। | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 35 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 20 |
| | | | | दसवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 20 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | लिखित/कौशल परीक्षा | 10 |

Scanned with OKEN Scanner

**उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत हैं :–**

1. निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे सहित केवल पंजीकृत डाक/पीड पोस्ट से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के नाम से दिनाँक 23/04/2026 को अपरान्ह 5:00 तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में आमंत्रित किये जाते है। व्यक्तिगत रुप से सीधे अथवा ई–मेल अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नही किये जावेंगें। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।
2. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जायेगी।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
4. रोजगार कार्यालय का जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।
5. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
6. आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
7. संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
8. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क. एफ,9–1/2012/1–3/दिनाँक 31 दिसम्बर 2012 एवं अद्यतन निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होंगी।
9. संविदा नियुक्त अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
10. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
11. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह पूर्व की सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
12. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रुप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार का पेंशन, उपादान, या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नही होगी।
13. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मैरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा तदोपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जायेगा।
14. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। अन्य आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा। प्रतीक्षा सूची एक वर्ष के लिए वैद्य होगा।
15. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत करना होगा।
16. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी कोई सूचना नही दी जावेगी।
17. आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा। विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करें।
18. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमे से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

Scanned with OKEN Scanner

19. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नही होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
20. आवेदन का विस्तृत प्रारुप कार्यालयीन सूचना पटल के अतिरिक्त जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर देखा जा सकता है।
21. नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजापुर

पृ.कमांक/4078/जि.पं./स्था./2025–26 बीजापुर, दिनांक 28/03/2026

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला बीजापुर। उक्त विज्ञापन को जिले की वेबसाइट www.bijapur.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
3. सहायक संचालक, जनसम्पर्क कार्यालय जिला बीजापुर को सूचनार्थ। उक्त विज्ञापन को 2 प्रादेशिक एवं 1 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
4. समस्त तहसीलदार जिला बीजापुर। सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।
5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला बीजापुर। सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।
6. कार्यालयीन सूचना पटल।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner

## संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदित पद का नाम ...............................................

स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजपुर
छत्तीसगढ़

1. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में :– ......................................................
(ब) अंग्रेजी में :– ......................................................

2 लिंग (महिला / पुरुष / तृतीय लिंग) :– ......................................................

3. जन्म तिथि (अ) अंकों में :– ......................................................
(ब) शब्दों में :– ......................................................
(स) दिनाँक 01.01.2026 को आयु वर्ष :– ..............................................

4. वर्ग (सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा. / अपिव) :– ......................................................

5. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :– ......................................................
:– ......................................................
:– ......................................................

6. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ......................................................
:– ......................................................
:– ......................................................

7. मोबाईल नम्बर :– ......................................................

8. ई–मेल आईडी :– ......................................................

9. आधार नम्बर :– ......................................................

10. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

11. अनुभव का विवरण :–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनाँक से | दिनाँक तक | वर्ष | मह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

12. वैवाहिक स्थिति :–

क. विवाहित/अविवाहित : ........................................................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावे :........................................................

विवाह का दिनाँक :........................................................

ग. परिवार के संतान का विवरण :–

| क्र. | नम | पुत्र/पुत्री | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची।

1. ........................................................
2. ........................................................
3. ........................................................
4. ........................................................
5. ........................................................

..................................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

**<u>घोषणा पत्र</u>**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनाँक :................................

स्थान :................................

..................................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner